**जनपद बरेली**

**प्रेस नोट दिनांक 29.07.2025**

**थाना आंवला**

**थाना आंवला #bareillypolice द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को 900 ग्राम अवैध अफीम एवं मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-** दिनांक 28.07.2025 कि रात्रि थाना आंवला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त फिरोज पुत्र सरफराज निवासी ग्राम मझगांव थाना विसारतगंज जिला बरेली उम्र 25 वर्ष को अलीगंज रोड पर पुलिया से 900 ग्राम अवैध अफीम एवं एक मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 536/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाही**:- दिनांक 28.07.2025 की रात्रि उ0नि0 श्री सचिन कुमार मय हमराही हे0का0 0963 शमशेर अली व कां0 1315 प्रमोद कुमार व कां0 3256 प्रशान्त मलिक के चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व श्रावण मास डियूटी में पुरैना तिराहा पर चैंकिग कर रहे थे, कि मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अफीम लेकर अलीगंज की तरफ से आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर यकीन कर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अलीगंज रोड पर पुलिया से एक अभियुक्त फिरोज पुत्र सरफराज निवासी ग्राम मझगांव थाना विसारतगंज जिला बरेली उम्र 25 वर्ष को एक मोटरसाईकिल व 900 ग्राम अवैध अफीम सहित समय 21.55 बजे गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 536/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। बरामद मोटर साईकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया एवं अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

फिरोज पुत्र सरफराज निवासी ग्राम मझगांव थाना विसारतगंज जिला बरेली उम्र 25 वर्ष

**बरामदगी का विवरण**

900 ग्राम अवैध अफीम तथा एक मोटर साईकिल

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0 536/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना आंवला जनपद बरेली ।

**पूछताछ अभियुक्त विवरणः-** अभियुक्त फिरोज पुत्र सरफराज निवासी ग्राम मझगांव थाना विसारतगंज जिला बरेली ने पूछने पर बताया कि यह अफीम मैने कुछ दिन पहले झारखण्ड राज्य के रहने वाले एक व्यक्ति से 80 हजार रुपये मे खरीदी थी जिसका नाम पता मै नही जानता हूं आज इस अफीम ऊंचे दाम मे बेचने के लिये जा रहा था तभी आज मुझे आपने पकड लिया साहब मुझे माफ कर दीजिये गलती हो गयी है।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

**अभियुक्त फिरोज उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 51/25 धारा 115(2)351(2)/352 बीएनएस थाना विसारतगंज बरेली।
2. मु0अ0सं0 71/25 धारा 115(2)/191(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना विसारतगंज बरेली।
3. मु0अ0सं0 536/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना आंवला बरेली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 श्री सचिन कुमार थाना आंवला जनपद बरेली ।
2. हे0का0 0963 शमशेर अली थाना आंवला जनपद बरेली ।
3. कां0 1315 प्रमोद कुमार थाना आंवला जनपद बरेली ।
4. कां0 3256 प्रशान्त मलिक थाना आंवला जनपद बरेली ।